SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI: We have given in the answer in totality the funds that we have received from the World Bank. I would like to point out that there is a way of spending the money and we spent the money accordingly.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: The Minister should not make a difference between the right and the left.

MR. SPEAKER: You have no preference at all?

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: First I will make a suggestion and then put the question. Since Orissa is a backward State, whatever little water is available must be economically used. I would say that what the World Bank says is immaterial. Is the Government going to suggest to the World Bank that we want to use the water in both the canals?

SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI: I have already answered that question. I have said that we will certainly take up the matter with the World Bank, but it is for the World Bank to decide.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: You have to insist on this.

SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI: How can I say that the World Bank will do this?

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: In out State we have got the right canal and the left canal and we are getting water from both.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: Perhaps Shri Ram Gopal Reddy does not know that the Minister has some allergy to the left. The hon. Minister stated that the World Bank has made no commitment as yet. Since the World Bank team has already visited the site, has it mentioned certain conditions which it wants to put? You have said that there are certain norms and it has to fall within the norms. What are the norms which the World Bank has put for assistance for this project?

SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI: For obtaining World Bank assistance certain norms have been suggested. (a) The project should be consistent with the priorities of the Government of India and the State Governments and it should be a Plan project. (b) The State Government must have the capacity to provide adequate finance to complete the project in accordance with the agreed time schedule. (c) Projects which involve inter-State dispute for international consideration should not be pressed for World Bank assistance. (d) Projects should be evenly spread out by the Department of Economic Affairs so that a large number of States can get the benefit.

SHRI ARJUN SETHI: The World Bank has given a period of three years to undertake the project. Since these areas are backward and require more time, may I know from the hon. Minister whether they will request the World Bank that this period should be increased to at least five years so that this project can be completed in right time?

SHRI A. B. A GHANI KHAN CHANDHURI: We have to give an undertaking to the World Bank that we will complete the project within the specified period of time.

**विश्व बैंक सहायता प्राप्त सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के लिए मंजूर नलकूपों की संख्या**

*188. **श्री राम लाल राही : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लघु किसानों के लिए विश्व बैंक सहायता प्राप्त सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के लिए कितने राजकीय नलकूप मंजूर किए गए ; और

(ख) क्या इस कार्यक्रम के अन्तर्गत धनराशियां केन्द्रीय सिंचाई विभाग के माध्यम से व्यय की जा रही है और इस बारे में ब्यौरा क्या है ?

THE MINISTER OF ENERGY AND IRRIGATION AND COAL (SHRI A.B.A. GHANI KHAN): Mr. Speaker, Sir, this is actually a question to be answered by the Agriculture Department. I do not know how it has come to me. So, my Department could not collect the information.

MR. SPEAKER: You could have transferred this to them.

SHRI A.B.A. GHANI KHAN: The Minister of State for Agriculture is here. He has been able to prepare the material.

MR. SPEAKER: Is he ready to answer?

SHRI A.B.A. GHANI KHAN: Yes.

MR. SPEAKER: Then, I will allow him to answer. (*interruptions*). They are transferring it just now.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI R.V. SWAMINATHAN): May I have the permission to reply? The information collected from the U.P. Government is that so far they have put up 15,283 tubewells up to the year 1978-79. Out of these, the World Bank has sanctioned only 800 tubewells in the year 1961 and that has been completed in the year 1964. We got a loan of $ 6 million from the World Bank. That has been completed. Now we are negotiating with the World Bank and they have sanctioned 500 tubewells and we have been negotiating for $ 18 million, and with this we have to put up 500 tubewells at a cost of Rs. 30 crores. Although 800 tubewells were completed with a lesser amount, because of the increase in the cost we have to spend Rs. 30 crores on these 500 tubewells.

श्री राम लाल राही : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं -- जैसा इन्होंने अपने उत्तर में बताया कि सन् 1980-81 में उत्तर प्रदेश में 500 ट्यूबवैल बनाने जा रहे हैं क्या प्रत्येक जिले में नियमानुसार कोई आधार बनाकर बांटा गया है ? यदि हां, तो लखनऊ डिवीजन के सीतापुर जनपद को, जिसमें अधिक कृषि योग्य भूमि है, क्यों छोड़ दिया गया है और क्या उसे इस योजना में शामिल करेंगे ? उत्तर प्रदेश के लिए विश्व बैंक सिंचाई सहायता स्कीम के अन्तर्गत छठी योजना में कुल कितना पैसा रखा गया है और कितने ट्यूबवैल छठी पंचवर्षीय योजना में बनाने का विचार है तथा कितनी धनराशि आप आवंटित कर रहे हैं ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि विश्व बैंक सहायता स्कीम के अन्तर्गत जो पांचवी पंचवर्षीय योजना में पैसा मिला, क्या वह पूरा पैसा देकर उस काम को कराया गया या अभी कुछ पैसा बाकी है?

SHRI R.V. SWAMINATHAN: Sir, I have already answered this question. But anyhow, we have already negotiated with the World Bank and they have also sanctioned, and they have even released $ 2 million as the first instalment. These tubewells will be put up in 12 important districts of U.P. These tubewells will be spread out at the rate of 40 tubewells in each district. I can name those districts. These tubewells are spread over 12 administrative districts, viz.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Saharanpur | 7. | Hardoi |
| 2. | Aligarh | 8. | Faizabad |
| 3. | Etawah | 9. | Azamgarh |
| 4. | Mainpuri | 10. | Varanasi |
| 5. | Lucknow | 11. | Gazipur |
| 6. | Lakhimpur | 12. | Allahabad. |

These are the districts. For the other districts which the hon. Member has requested, we will also consider whether we can extend them to those disrticts also.

श्री राम लाल राही: मैं यह जानना चाहता हूं कि कुल कितना पैसा खर्च किया है और दूसरे जिलों में ट्यूबवेलों को बांटने का आधार क्या है ? जैसा कि आपने 12 जगहों के नाम दिए हैं और बताया है कि गारो, हरदोई, इटावा और लखनऊ डिवीजन में चारों तरफ हो गया है, लेकिन सीतापुर को क्यों छोड़ दिया है, जहां कि एक-एक इंच जमीन पर खेती होती है, नहर-नालों आदि को छोड़कर । मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह प्रार्थना करना चाहूंगा कि क्या 1980-81 में कम से कम 50 ट्यूबवैल सीतापुर जनपद को दिए जायेंगे और छठी पंचवर्षीय योजना में कम से कम 500 ट्यूबवैल सीतापुर को देने की कृपा की जायेगी?

SHRI R.V. SWAMINATHAN: I have already answered the question. We will consider putting up tubewells in Sitapur. For the further information which the hon. Member wants about the Sixth Plan, if he gives separate notice, I can answer it.

श्री राम लाल राही : अध्यक्ष महोदय, अभी तक तो पहले सवाल का ही जवाब नहीं आया है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश इतना विशाल प्रदेश है और कृषि प्रधान है और जो धनराशि विश्व बैंक द्वारा दी गई है वह बहुत कम है . . .

अध्यक्ष महोदय : श्री शैलानी ।

श्री चन्द्र पाल शैलानी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत जितने ट्यूबवेल सैंक्शन

हुए हैं उनमें से कितने बन चुके हैं और कितनों पर निर्माण-कार्य चल रहा है तथा कबतक वह पूरे हो जायेंगे ? अलीगढ़ में 80,000 एकड़ भूमि ऊसर है उसके लिए कितने ट्यूबवैल मंजूर हुए हैं ? कितने ट्यूबवैल वर्किंग आर्डर में हैं और कितने कबतक बन जायेंगे ?

MR. SPEAKER: That is a good suggestion, but that is not covered by this question.

श्री चन्द्र पाल शैलानी : मैं यह इसलिए जानना चाहता हूं कि अगर प्रापर ट्यूबवेल्स की व्यवस्था हो जाए तो अलीगढ़ में जो 80,000 एकड़ भूमि ऊसर है उसपर हरी-भरी फसल उग सकेगी। हसाइन ब्लाक में जहां सरकारी ट्यूबवैल की बहुत कमी है, दुनिया का सबसे अच्छा गुलाब पैदा होता है और अगर वहां पर ट्यूबवेलों के द्वारा पानी की व्यवस्था हो जाए तो विदेशी मुद्रा भी पर्याप्त मात्रा में अर्जित की जा सकती है और वहां की आर्थिक स्थिति भी सुधर सकती है ।

SHRI R.V. SWAMINATHAN : This is only a pilot project. It is to be spread over 12 districts in the western, eastern and central parts of U.P. This project is to start from 1st April, 1980. So far as Aligarh is concerned, we are giving 40 tubewells. So, why do you worry ?

SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: May I know how many wells were successful in U.P.

SHRI R.V. SWAMINATHAN A total of 15,283 tubewells have been put up, and all the tubewells are successful in U.P.

**बिहार के जिला मुंगेर में गंगा के जल द्वारा गांव का कटाव**

*190. श्रीमती कृष्णा शाही : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के जिला मुंगेर में बड़ाहिया पुलिस थाना के अन्तर्गत लगभग 30 हजार की जनसंख्या वाले गांव खुटाहा का गंगा नदी के जल द्वारा कटाव हो गया है ;

(ख) क्या उसी अंचल के 28 अन्य गांवों पर भी कटाव का प्रभाव पड़ा है परन्तु उनके पुनर्वास के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या अब सरकार का विचार कटाव द्वारा प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए व्यवस्था करने का है ?

THE MINISTER OF ENERGY AND IRRIGATION AND COAL (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURY):

(a) to (c). A statement is placed on the Table of the House.

**Statement**

*To erosion of villages in Monghyr district of Bihar by Ganga Waters*

(a) Erosion of banks of river Ganga has been taking place in the Barahaiya-Khutaha area since 1974-75. Measures to prevent bank erosion were taken up in 1975 after the matter had been examined in detail by technical experts. These works included the construction of bed-bars, sal-ballah piling, boulder pitching, etc. Additional works have been recommended from time to time by a committee of experts which periodically inspects the area. The river bank has been protected by a revetment in some portion of the bank near Khutaha, but as the erosion is travelling to downstream areas, the extension of the revetment of another 1,000 ft. has been recommended by the Committee after its last inspection in December, 1979. The State Government has informed that this work is expected to cost nearly Rs. 34 lakhs in Khutaha areaand further works amounting to nearly Rs. 70 lakhs will have to be constructed in Barahaiya area.

(b)&(c). Information regarding the number of villages affected by erosion and the arrangements if any, made or contemplated for rehabilitation is awaited from the Bihar Government.

श्रीमती कृष्णा शाही: अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहती हूं कि गंगा नदी के द्वारा मुंगेर जिले के जिन गांवों का कटाव हुआ है उसका एरियल सर्वे भारत सरकार ने करवाया था, मंत्री महोदय ने भी अपने स्टेटमेन्ट में कहा कि टैक्निकल एक्सपर्ट्स ने इसकी जांच की थी और जियोफिजिकल सर्वे का डाटा आई.आई.टी., खड़गपुर में है और जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया में प्राप्त है तो क्या उसके आधार पर भारत सरकार कोई कार्यवाही कर रही है?